**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–16 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का किया वितरण। कहा– प्रदेश के एक करोड़ छियासी लाख परिवारों को मिल रहा है इस योजना का लाभ।
- प्रदेश में सर्किल रेट निर्धारण नियमों को बनाया जाएगा और सरल। स्टांप और पंजीयन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल ने कहा–चालीस मानकों की जगह पंद्रह से बीस मानकों के आधार पर तय किए जाएंगे सर्किल रेट।
- सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली–एनसीआर में 18 से 21 अक्टूबर के बीच ग्रीन पटाखों की बिक्री और पटाखे जलाने की दी अनुमति। सवेरे 6 से 7 और रात 8 से 10 बजे तक हो सकेगी आतिशबाजी।
- दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा चलाई जा रही हैं एक हजार अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियां।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दीपावली के पहले यह प्रदेश के गरीब परिवारों के लिए एक बड़ा उपहार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वला योजना के जरिए ग्यारह करोड़ गरीब परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिलाकर नारी गरिमा को सम्मान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के एक करोड़ छियासी लाख परिवारों को इस योजना का लाभ मिला है।

**ग्यारह वर्ष में ग्यारह करोड़ गरीबों को प्रधानमंत्री मोदी जी के कारण फ्री में रसोई गैस के सिलेंडर उपलब्ध हुए हैं पूरे देश के लिए और जिसमें अकेले उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ 86 लाख ऐसे परिवार है जिनके पास रसोई गैस का सिलेंडर नहीं था उन्हें ये उपलब्ध हुआ और ये कनेक्शन भी किसी और को नहीं महिलाओं को उपलब्ध करवाए है।**

मुख्यमंत्री ने स्वदेशी को बढ़ावा देते हुए लोगों से अपील की कि दीपावली पर जो भी खरीदें, वह स्वदेशी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब जनता का पैसा स्थानीय कारीगरों, श्रमिकों और हस्तशिल्पियों तक पहुंचेगा, तभी समृद्धि देश तक पहुंचेगी और भारत विकसित बनेगा।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के वितरण कार्यक्रम का प्रदेश के अमरोहा, उन्नाव, मेरठ और मथुरा सहित कई जिलों में सजीव प्रसारण किया गया।

**********

प्रदेश में सर्किल रेट निर्धारण के नियमों को और सरल किया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश के स्टांप एवं पंजीयन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि अभी तक जहां चालीस मानकों के आधार पर सर्किल रेट तय किए जाते थे, वहीं अब उन्हें घटा कर पंद्रह से बीस मानकों तक सीमित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नए मानक लागू होने से सर्किल रेट में असमानता दूर होगी।

**********

प्रदेश सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कल आयोजित एक विशेष बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने कहा कि जिलाधिकारियों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए दैनिक समीक्षा करनी चाहिए। किसानों को प्रत्येक बिक्री के बाद रसीद अवश्य उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने यूरिया के अनधिकृत उपयोग पर कड़ी निगरानी रखने का भी निर्देश दिया।

**********

प्रदेश सरकार ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई प्रादेशिक पुरस्कार योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 के लिए आवेदन मांगे हैं। सहायक आयुक्त उद्योग उमेश वर्मा ने बताया कि इस पुरस्कार योजना में निर्माण क्षेत्र की चौदह और सेवा क्षेत्र की बारह श्रेणियों में आवेदन पत्र भरे जा सकते हैं। आवदेन करने की अन्तिम तिथि तीस अक्टूबर है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीएसटी सुधारों से पूरे देश को लाभ हो रहा है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**सरकार ने जीएसटी 2.0 के अंतर्गत कृषि मशीनरी और उर्वरकों पर लगने वाले कर को घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है।जीएसटी सुधारो में सरकार ने वाहनों के कलपुरजों पर भी जीएसटी को 28ः से घटकर 18ः करने का निर्णय लिया है।इस कटौती से वाहन लोगों के लिए और अधिक किफायती हो गए हैं। इसी प्रकार नए जीएसटी सुधारों में साइकिल उपकरणों पर भी कर 18ः से घटकर 5ः कर दिया गया है।इन सुधारों से बिक्री में वृद्धि रोजगार के नए अफसर का सृजन और अर्थव्यवस्थाओं को और अधिक गति मिलेगी। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र में अट्ठारह से इक्कीस अक्टूबर के बीच ग्रीन पटाखों की बिक्री और पटाखे जलाने की अनुमति दे दी है। इसके लिए समय सीमा सवेरे छः से सात बजे और रात आठ से दस बजे तक तय की गई है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**शीर्ष अदालत ने इसे त्योहार मनाने और पर्यावरण संरक्षण के बीच एक संतुलित दृष्टिकोण बताया है। मुख्य न्यायाधीश भूषण आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि यह आदेश एक अस्थायी उपाय है जिसका उद्देश्य यह आकलन करना है कि क्या प्रदूषण पर अंकुश लगाने के प्रयासों के साथ सावधानी पूर्वक विनियमित छूट दी जा सकती है। अदालत ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को इस अवधि के दौरान वायु तथा जल गुणवत्ता की निगरानी करने और इस महीने की 14 तारीख से 21 तारीख के बीच दिल्ली की हवा पर आतिशबाजी के प्रभाव के बारे में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

उत्तर रेलवे इस वर्ष दीपावली और छठ पर्व के दौरान एक हजार अतिरिक्त विशेष रेलगाडियां चला रहा है। नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष तीन हजार आठ सौ रेलगाडियों की तुलना में वर्तमान में विशेष ट्रेनों के चार हजार सात सौ से अधिक फेरे चल रहे हैं। श्री वर्मा ने बताया कि कोच वृद्धि के माध्यम से सामान्य ट्रेनों में दो लाख सत्तर हजार सीटें बढ़ाई गई हैं।

**हम लोगों की कोशिश यह है कि हम लोग ज्यादा से ज्यादा लोगों को सुविधा के साथ में उनके घरों तक पहुंचा पाएं।और जब वह रिटर्न आए तो हमारे पास रिटर्न ट्रैफिक की तैयारी हो।उसमें दो चीजें हैं, एक चीज है कि हमें एक्स्ट्रॉ ट्रेनें और एक्स्ट्रॉ कितनी सीटें क्रिएट करनी है या सीटिंग कैपसिटी कितनी क्रिएट होनी है। और दूसरा कि स्टेशनों पे जो यात्री आते हैं उनके हैंडलिंग के लिए क्या सुविधाएं और बढ़ानी है।**

**********

अयोध्या में उन्नीस अक्टूबर से प्रस्तावित दीपोत्सव की तैयारियाँ तेज हो गई हैं। अयोध्या के मंडलायुक्त राजेश कुमार ने बताया इस वर्ष छब्बीस लाख ग्यारह हजार एक सौ एक दीप जलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। एक रिपोर्ट–

**इस वर्ष दीपोत्सव में 2000 से अधिक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इनमें प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के करीब 500 कलाकार शामिल होंगे। वहीं अयोध्या के लगभग 300 स्थानीय कलाकार भी इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनेंगे। इन कलाकारों के लिए एक बड़ा मंच, तीन मध्यम आकार के मंच और सात छोटे मंच बनाए जा रहे हैं। इन मंचों पर देशभर से आए कलाकार अवधी, भोजपुरी, ब्रज और फगुआ भजन और लोक संगीत की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।**

अयोध्या में प्रस्तावित दीपोत्सव से पहले कल राम की पैड़ी पर लेजर और लाइट शो का भी ट्रायल किया गया।

**********

प्रदेश सरकार आज से कई जिलों में दिव्य दीपावली मेले का आयोजन कर रही है। इन मेलों में दिव्यांगों द्वारा तैयार उत्कृष्ट हस्तशिल्प और अन्य वस्तुओं का प्रदर्शन किया जाएगा। यह मेला लखनऊ सहित प्रदेश के कई अन्य जिलों में आज और कल दो दिनों तक चलेगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना है। मेले में दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित कृत्रिम आभूषण, घरेलू सजावटी सामान, हथकरघा उत्पाद, आकर्षक मोमबत्तियां, मिट्टी के दीये, बर्तन एवं पूजन सामग्री, अचार, जैम, मसाले एवं अन्य घरेलू उत्पाद उपलब्ध रहेंगे।

**********

उन्नाव में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने दीपावली पर गाय के गोबर से गणेश–लक्ष्मी की मूर्तियां और मधुमक्खी के मोम से बनी मोमबत्तियां तैयार की हैं। इन उत्पादों को स्वयं सहायता समूह की महिलाएं न केवल स्थानीय स्तर पर बेच रही है बल्कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध करा रही है जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और लखपति दीदी योजना के तहत की गई यह शुरुआत इन महिलाओं की आमदनी बढ़ाकर इन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मददगार साबित हो रही है।

**********